हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 3 जून 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4
यूरिया की कमी का विकल्प नील हरित शैवाल किसानों को हरी खाद अपनाने की सलाह



## खबर संक्षेप

### देवचरण को सुशासन शिविर में मिला राशनकार्ड

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व जशपुर जिले में सुशासन तिहार का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी कड़ी में देवचरण ग्राम रायकोना निवासी को जशपुर विकास खंड के ग्राम बोखी सुशासन शिविर में मिला राशनकार्ड और एक पौधा मिलने पर खुशी जाहिर की। देवचरण राम ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने शिविर में राशन कार्ड बनाने के लिए आवेदन किया था और उनका राशन कार्ड शिविर में ही मिल गया। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक माह उन्हें भी उचित मूल्य दुकान से राशन मिलने में सुविधा होगी।

### सेना भर्ती के लिए 10 परीक्षा केंद्रों में होगी ऑनलाइन परीक्षा


**जशपुरनगर।** भारतीय सेना में भर्ती वर्ष 2027 के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम की तिथि भारतीय सेना द्वारा घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा 1 से 5 जून तथा 8 से 12 जून तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा छत्तीसगढ़ के 5 शहरों भिलाई, दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर एवं जगदलपुर के 10 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। ऑनलाइन परीक्षा प्रतिदिन 3 से 4 शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी किए जाने शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। सेना द्वारा उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे एडमिट कार्ड में दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें तथा निर्धारित समय से पूर्व अपने परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए अभ्यर्थी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के समीप स्थित सेना भर्ती कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### 15 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर अटल नगर के अंतर्गत जिले के 3 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी है। अभ्यर्थी 15 जून तक आवेदन कर सकते है। जिले में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पत्थलगांव मं2 कोपा, वेल्डर, विद्युतकार ट्रेड, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बगीचा में कोपा, मैकेनिक डीजल, आईओटीटी तकनीशियन स्मार्ट हेल्थ केयर ट्रेड तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कांसाबेल में कोपा, सीएचएनएम ट्रेड में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए अभ्यर्थी संबंधित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क कर सकते हैं।

### जिले में 2.2 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से अब तक 3.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 02 जून तक औसत वर्षा 4.3 मिमी होती है। बीते दिवस जिले में 2.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसील जशपुर में 4.3 मिमी, मनोरा में 14.2 मिमी, कुनकुरी में 2.8 मिमी, दुलदुला में 0.0 मिमी, फरसाबहार में 5.5 मिमी, बगीचा में 0.0 मिमी, कांसाबेल में 6.0 मिमी, पत्थलगांव में 0.0 मिमी, सन्ना में 0.0 मिमी एवं बागबहार में 0.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 14.2 मिमी दर्ज की गई है। 02 जून को सर्वाधिक कांसाबेल में 6.0 मिमी वर्षा हुई।



### उत्पादन बढ़ाने नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी भी उपलब्ध

# किसानों को नहीं होगी खाद की कमी जिले में पर्याप्त मात्रा में भंडारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए जिले के किसानों को समय पर गुणवत्तायुक्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है, ताकि उन्हें खेती-किसानी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार कि जिले में खाद एवं बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं तथा किसी प्रकार की कमी नहीं है। किसानों की सुविधा और कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से वैज्ञानिकों द्वारा अनुशंसित एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन प्रणाली को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत रासायनिक उर्वरकों के साथ-साथ जैव उर्वरक, जैविक खाद, हरी खाद एवं अन्य वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने, खेती की लागत कम करने तथा मिट्टी की उर्वरता शक्ति को बनाए रखने के लिए सहकारी समितियों में गत वर्ष की खपत के आधार पर 80 प्रतिशत यूरिया एवं 60 प्रतिशत डीएपी का भंडारण कराया जा रहा है। यूरिया की शेष 20 प्रतिशत मात्रा अन्य वैकल्पिक उर्वरकों अथवा नैनो यूरिया के रूप में तथा डीएपी की शेष 40 प्रतिशत मात्रा वैकल्पिक एनपीके उर्वरकों अथवा नैनो डीएपी के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी। यह किसानों की आवश्यकता एवं इच्छा के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा। जिले को सहकारी क्षेत्र में प्राप्त 19,150 मीट्रिक टन उर्वरक लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 7,756 मीट्रिक टन उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है, जो



कुल लक्ष्य का लगभग 40 प्रतिशत है। इनमें से 1,186.12 मीट्रिक टन उर्वरकों का किसानों द्वारा उठाव किया जा चुका है, जबकि वर्तमान में 6,569.83 मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध हैं। इससे स्पष्ट है कि आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित है।

■ कृषि विभाग की सतत निगरानी जारी

इसी प्रकार नैनो उर्वरकों के रूप में 4,128 लीटर नैनो यूरिया एवं 3,468 लीटर नैनो डीएपी सहित कुल 7,596 लीटर का भंडारण किया गया है। इनमें से 135 लीटर का वितरण किया जा चुका है तथा 7,463 लीटर नैनो उर्वरक उपलब्ध हैं। किसानों को उनके रकबे एवं वैज्ञानिक अनुशंसाओं के अनुसार उर्वरकों का वितरण किया जा रहा है ताकि प्रत्येक किसान को समान रूप से लाभ मिल सके। कृषि विभाग द्वारा किसानों को हरी खाद एवं जैव उर्वरकों के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। इच्छुक एवं चयनित किसानों को हरी खाद के रूप में प्रति एकड़ 8 किलोग्राम ढेंचा बीज एवं 4 किलोग्राम मूंग बीज वितरित किया जा रहा है।

#### नील हरित काई का उत्पादन

कृषि विज्ञान केंद्र डुमरबहार एवं शासकीय कृषि प्रक्षेत्र सुसडेगा सहित चिन्हित किसानों के खेतों में नील हरित काई का उत्पादन कराया जा रहा है। यह जैव उर्वरक वायुमंडलीय नत्रजन का स्थिरीकरण कर फसलों को प्राकृतिक रूप से पोषण प्रदान करता है तथा मिट्टी की गुणवत्ता एवं उर्वरता में वृद्धि करता है। किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कृषि विभाग लगातार निगरानी भी कर रहा है। खरीफ वर्ष 2026 में अब तक जिले के 75 उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाए जाने पर 38 विक्रय केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। किसानों के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

#### अनियमितता पर होगी कार्रवाई

उर्वरकों के भंडारण, वितरण एवं विक्रय में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कठोर प्रशासनिक एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद एवं उर्वरक खरीदें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल कृषि विभाग को अवगत कराएं। कृषि विभाग की इस पहल से जिले के किसानों को समय पर गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध होंगे, खेती की लागत कम होगी, मिट्टी की उर्वरता संरक्षित रहेगी तथा खरीफ सीजन में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

# दुष्कर्म पीड़िता मूकबधिर युवती की मौत

### प्रशासन ने दिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है जहां दुष्कर्म की शिकार हुई 18 वर्षीय मूकबधिर युवती की स्वास्थ्य अधिक बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। युवती को घटना के बाद 3 अप्रैल से सखी सेंटर में रखा गया था, जहां उसकी देखरेख और उपचार की व्यवस्था की जा रही थी। 19 मई को उसकी तबीयत अचानक बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा ने बताया कि युवती को 12 मई को पेट दर्द की शिकायत के बाद सखी सेंटर से जिला अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में उसका उपचार किया गया और दवा देने के बाद उसकी स्थिति में सुधार होने पर उसे वापस सखी सेंटर भेज दिया गया। इसके बाद 19 मई को फिर उसकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। सखी सेंटर के कर्मचारी उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। गौरतलब है कि मूकबधिर बालिका की पहचान नहीं हो पाई है, पुलिस के अनुसार रेप के आरोपी को 4 अप्रैल को ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



#### नियमित देखभाल

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि 3 अप्रैल को युवती को सखी सेंटर लाया गया था, जहां उसकी नियमित देखभाल की जा रही थी। स्वास्थ्य खराब होने पर उसे समय-समय पर जिला अस्पताल में उपचार भी उपलब्ध कराया गया। 12 मई को उपचार के बाद उसे वापस सखी सेंटर लाया गया था। 19 मई को पुनः स्वास्थ्य बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दे दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों और पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

#### शरीर में मिले सेफ्टी पिन और कॉर्क

सीएमएचओ ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान युवती के शरीर से सेफ्टी पिन और कॉर्क (कॉक) के कुछ हिस्सों जैसी संदिग्ध वस्तुएं मिली हैं। इन वस्तुओं को विस्तृत परीक्षण के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## पर्सनालिटी डेवलपमेंट के गुर सीखेंगे युवा





**कांसाबेल (जशपुर)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा कांसाबेल में 6 दिवसीय आवासीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 1 से 6 जून तक किया जा रहा है। सरस्वती शिशु मंदिर कांसाबेल में इसका शुभारंभ हुआ। गायत्री परिवार जिला जशपुर के जिला समन्वयक काशीराम श्रीवास वरिष्ठ कार्यकर्ता सी एल भगत, गणेश राम भगत, उप सरपंच अमित जिंदल, वरिष्ठ कार्यकर्ता जेआर यादव की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को संचालित करने के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रांतीय प्रशिक्षक की टीम यहां पर पहुंची हुई है जिनके द्वारा 6 दिनों तक युवाओं के व्यक्तित्व को निखारने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर के विषय के संबंध में जानकारी देते हुए प्रांतीय प्रशिक्षक सुरेंद्र गुप्ता जी ने बताया कि इस शिविर में जीवन लक्ष्य, कैरियर निर्माण, व्यक्तित्व निर्माण, कैरियर मार्गदर्शन, तनाव प्रबंधन, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव इत्यादि विषयों पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन ऑडियो वीडियो के माध्यम से यहां पर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। उन्होंने आवाहन किया कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक युवा भाई बहन भागीदारी लें तथा पर्सनालिटी को निखारने का गुर सीखें।

## 7 सेवानिवृत शिक्षकों का पीपीओ जारी

**जशपुरनगर।** सेवानिवृत्ति के बाद किसी की शिक्षक या कर्मचारी को सेवा काल का अर्धवार्षिक जीवन पूर्ण करने के पश्चात पेंशन व अन्य कार्यों के लिए कार्यालय के चक्कर न काटना पड़े,जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा के अभिनव पहल पर 31 मई को सेवानिवृत होने वाले जिले के सभी सात शिक्षकों को सेवानिवृत विदाई समारोह ही पीपीओ जारी कर दिया गया।विदाई में शॉल,श्रीफल देकर कर्मचारियों की की गई विदाई। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोकी से प्रभुसहाय तिर्की, शा.प्रा.शा हिरवा पारा से विजय कुमार तिर्की, शा.प्रा.शा. छोटकीपारा, तिलडेगा से आनंदकुमार चौहान, शा.प्रा.शा. चीडोरा से दोमेटिला टोप्पो, शा. पु.मा.शा.कटंगखार से सुमंत साय, शा.पु.मा.शा. देवरी से आदम एक्का एवं शा.पु. मा.शा. ढूंढरूडाड से अगस्तिना कुजूर शामिल रहे जिन्हें पीपीओ जारी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा का कहना है कि सेवानिवृत्ति के बाद किसी भी कर्मचारी का जीवन तनावरहित एवं खुशमय हो इसके इसलिए हमने यह परंपरा शुरू की है कि सेवानिवृत्ति के दिन ही सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी को पीपीओ जारी कर दिया जाए।



## लोगों की समस्याओं के पारदर्शी निराकरण के निर्देश

**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में आम नागरिकों से सीधे रूबरू होकर उनकी समस्याएँ एवं मांगों की जानकारी ली। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक प्रकरण का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्यवाही की जानकारी समय पर उपलब्ध कराई जाए, जिससे उन्हें अपनी समस्या के समाधान की स्थिति स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके। उन्होंने जनसुविधाओं से जुड़े प्रकरणों पर संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्रवाई करने पर जोर दिया। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 33 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरण, स्वच्छता एवं साफ-सफाई, अधोसंरचना निर्माण, आजीविका उन्नयन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने संबंधित आवेदन शामिल थे।



## बगिया का मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बना जनसेवा का भरोसेमंद केंद्र

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह निवास बगिया स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रभावी केंद्र बनकर उभर रहा है। यहां पहुंचने वाले जरूरतमंदों की समस्याओं का संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निराकरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज मंगलवार को सहायता की उम्मीद लेकर पहुंचे दो दिव्यांगजनों को तत्काल बैटरी चलित ट्राई साइकिल उपलब्ध कराई गई। ग्राम चंद्रपुर, तहसील पत्थलगांव निवासी त्रिनाथ पैकरा तथा ग्राम घुघरी, तहसील बगीचा निवासी फूल सुंदरी बाई को बैटरी संचालित ट्राई साइकिल प्रदान की गई। ट्राई साइकिल मिलने से दोनों दिव्यांगजनों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास की नई चमक देखने को मिली। उन्होंने कहा कि अब उन्हें दैनिक कार्यों और आवागमन में काफी सुविधा होगी। दोनों हितग्राहियों ने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया के माध्यम से जरूरतमंदों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने की पहल लोगों के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। इससे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है तथा सुशासन और संवेदनशील प्रशासन की भावना मजबूत हो रही है।जनसेवा और त्वरित समाधान के संकल्प के साथ मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया, जरूरतमंदों के लिए आशा और विश्वास का केंद्र बन गया है।



### रील मेकिंग व सेल्फी प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

# सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने का प्रयास: एसएसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डा. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन, विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जशपुर पुलिस द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके अंतर्गत रील मेकिंग एवं सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

प्रतियोगिता में जिलेभर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सड़क सुरक्षा संबंधी संदेशों को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुलिस कार्यालय जशपुर में डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डा. लाल उमेद सिंह द्वारा आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विजेताओं को नगद पुरस्कार राशि, हेलमेट, प्रमाण-पत्र एवं 3 लीटर पेट्रोल प्रदान कर उनके प्रयासों की सराहना की गई तथा भविष्य में भी सामाजिक जागरूकता अभियानों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों में रील मेकिंग प्रतियोगिता में करबला रोड जशपुर निवासी श्रीमती श्रीदेवी सोनी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 2 हजार 1 रुपए नगद पुरस्कार एवं हेलमेट प्राप्त किया। खजांची टोली जशपुर निवासी विकास कुमार द्वितीय स्थान पर रहे, जिन्हें 1 हजार 1 रुपए नगद पुरस्कार एवं हेलमेट प्रदान किया गया। वहीं बागबहार निवासी किशन कुमार चैहान ने तृतीय स्थान प्राप्त कर 5 सौ 1 रुपए नगद पुरस्कार एवं हेलमेट प्राप्त किया। इसी प्रकार बेस्ट सेल्फी प्रतियोगिता में थाना पत्थलगांव के पुलिस परिवार से जुड़े नारायण कुमार वैष्णव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 1 हजार 1 रु.नगद पुरस्कार एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, उप पुलिस अधीक्षक कुंजराम चैहान, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे, उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर सहित विजेताओं के परिजन उपस्थित रहें।



#### यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक माहौल

डीआईजी एवं एसएसपी जशपुर डा. लाल उमेद सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को जन आंदोलन बनाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। रील मेकिंग एवं सेल्फी प्रतियोगिता जैसे नवाचारपूर्ण प्रयासों से युवाओं की भागीदारी बढ़ रही है और यातायात नियमों के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार हो रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने एवं अन्य यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

### मत्स्य पालकों को हानि की मिलेगी भरपाई

जशपुरनगर। जिले के मत्स्य पालक किसान मछली पालन के दौरान प्राकृतिक आपदाओं, मछलियों में होने वाली बीमारियों से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत संचालित एक्वा इंश्योरेंस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मछली पालन विभाग के जानकारी देते हुए बताया कि जिले के सभी मत्स्य पालक किसान जुलाई-अगस्त माह में मत्स्य बीज संचयन के समय एक्वा इंश्योरेंस करा कर इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ ले सकते हैं। इससे किसी भी अप्रत्याशित नुकसान की स्थिति में उन्हें आर्थिक सुरक्षा प्राप्त होगी।योजना संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए मत्स्य पालक अपने संबंधित विकासखंड के मत्स्य विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास निर्माण में लापरवाही का आरोप, हितग्राहियों ने रोजगार सचिव के खिलाफ की शिकायत

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत गिरीया में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों ने रोजगार सचिव पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जनपद पंचायत सीईओ को ज्ञापन ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि रोजगार सचिव द्वारा आवास निर्माण कराने की जिम्मेदारी लेने के बावजूद आज तक उनके मकानों का निर्माण पूरा नहीं कराया गया है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनपद सीईओ को सौंपे शिकायत में रामचरण आ. मानसाय, फुलकंवर पति गोपाल एवं लीलावती पति रामरूप ने बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत मकानों के निर्माण के लिए रोजगार सचिव राम भगत ने स्वयं निर्माण कराने की जिम्मेदारी ली थी। इसके लिए हितग्राहियों से बैंक से आवास की राशि भी निकलवा ली गई, लेकिन राशि निकाले जाने के बाद भी निर्माण अधूरा छोड़ दिया गया। हितग्राहियों ने कई बार रोजगार सचिव से संपर्क कर मकान निर्माण पूरा कराने की मांग की गई, लेकिन हर बार उन्हें टालमटोल कर दिया जाता है। हितग्राहियों का कहना है कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है और अधूरे मकानों के कारण उन्हें रहने की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। साथ ही पहले से बनी दीवारों को भी बारिश के कारण नुकसान पहुंचने की आशंका है। हितग्राहियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए रोजगार सचिव की जांच करने तथा अधूरे पड़े आवास निर्माण को तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश जारी करने की मांग की है।

### पुलिस ने 12 घंटे में 22 स्थाई वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल



**बलरामपुर।** जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने 12 घंटे के अंदर जिलेभर में अभियान चालकर 22 स्थायी वारंटियों को जेल भेजा है। बता दें कि एसपी वैभव बैंकर रमनलाल ने जिले में कानून-व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने की दिशा में तथा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से थाना-चौकी प्रभारियों को टीमें गठित कर लंबित स्थाई वारंटियों व गिरफ्तारी वारंटियों की अधिक से अधिक तामिली के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश के बाद एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 1 जून की भोर 3 बजे थाना स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया। अभियान के दौरान जिले में 12 घंटे के भीतर 22 स्थाई वारंटियों को पकड़ा गया है। इनमें थाना रामानुजगंज से 4 वारंटी, थाना कुसमी से 4, थाना कोतवाली बलरामपुर से 1 वारंटी, थाना रघुनाथनगर से 3 वारंटी, थाना बसंतपुर से 2 वारंटी, चौकी वाड्रफनगर से 2 वारंटी, थाना चलगली से 1 वारंटी, चौकी रनहत से 1 वारंटी, थाना चांदो से 1 वारंटी, चौकी विजयनगर से 1 वारंटी, थाना सनावल से 1 वारंटी तथा चौकी बरियों से 1 वारंटी इस प्रकार कुल 22 वारंटियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पकड़े गए वारंटियों में कुछ वारंटी वर्षों से फरार चल रहे थे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

**डांड़गांव।** ग्राम गुमगा अस्पताल के समीप एनएच 130 पर बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। कोरबा अंतर्गत ग्राम मदनपुर निवासी भीम सिंह आ. रामलाल (36 वर्ष) बाइक क्रमांक सीजी 12 एटी 9071 से घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार एनएच 130 गुमगा उप स्वास्थ्य केन्द्र के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बोलेरो चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बोलेरो लेकर फरार हो गया हालांकि आसपास मौजूद लोगों ने वाहन का पीछा किया लेकिन चालक वाहन लेकर भागने में सफल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी। साथ ही घायल को उप स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर रेफर कर दिया। इधर पुलिस घटना कारित वाहन की तलाश में जुट गई है।

### सर्पदंश से गंभीर वृद्धा की गई जान

**अम्बिकापुर।** खाट पर सो रही वृद्धा को जहरीले सांप ने डंस लिया। परिजन वृद्धा को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कांकेर अंतर्गत नवापली पंखापुर निवासी आलोरानी पाल पति स्व. निरंजन (71 वर्ष) पिछले एक साल से रामानुजगंज दामोदरपुर निवासी बेटी के ससुराल में रह रही थी। 21 मई की देर रात जब खाट पर सो रही थी तभी देर रात वृद्धा शोर मचाने लगी। परिजन मौके पर पहुंचे और बिस्तर हटाया तो सांप नजर आया। सांप द्वारा डंस लेने पर वृद्धा को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान वृद्धा की मौत हो गई।

### विजेता खिलाड़ियों को नगद राशि व ट्रॉफी से किया गया सम्मानित

# शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- 51 हजार रूपए की राशि की गई वितरित

रविवार को जीएच रायसोनी मेमोरियल ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड रैपिड शतरंज प्रतियोगिता का समापन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के में विजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अथिति के रूप में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर श्रीमती मीरा साहू, छग प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव सरोज वैष्णव शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती भगत ने कहा कि इस शतरंज प्रतियोगिता का अंबिकापुर में आयोजन पूरे सरगुजा संभाग के लिए गर्व का विषय है। देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों की सहभागिता से शहर को नई पहचान मिली है तथा ऐसे आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करते हैं। बता दें कि भारतीय शतरंज महासंघ एवं छत्तीसगढ़ राज्य शतरंज संघ के तत्वावधान में तथा जीएच रायसोनी समूह, कल्पना प्रकाश वेलफेयर फाउंडेशनके सहयोग से तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के महासचिव वीके राठी के मार्गदर्शन इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। 31 मई को आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित समापन समारोह में विभिन्न वर्गों के विजेता खिलाड़ियों के मध्य कुल 51 हजार रूपए नगद पुरस्कार राशि एवं आकर्षक ट्रॉफियां वितरित की गई। प्रतियोगिता के मुख्य वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्कार कश्यप विजेता बने जबकि अभिषेक राजवाड़े द्वितीय व साहू गौरव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त संजय भारद्वाज ने चौथा, शुभंकर बमालिया ने पांचवां, इशिका मड़के ने छठवां, वरुण सोनी ने सातवां, भुवनेश्वर सिंह ने आठवां, विनय लहरे ने नौवां व उत्कर्ष यादव ने दसवां स्थान हासिल किया। इसी प्रकार बालक वर्ग अंडर-15 में हिमांनिस तिर्की, अंडर-13 में जय वर्धन भार्गव, अंडर-11 में चनवीर सिंह, अंडर-9 में अपूर्व भार्गव, अंडर-7 में प्रज्वल पांडे ने जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में अंडर-15 में फरहीन खान, अंडर-13 निष्ठा त्रिपाठी, अंडर-11 में शताक्षी गुप्ता, अंडर-9 में अनिका गुप्ता व अंडर-7 में शिल्पी तानिष्का ने विजेता का खिताब हासिल किया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी ने किया। प्रतियोगिता में डिप्टी चीफ आर्बिटर इंटरनेशनल आर्बिटर शुभम बसोने तथा सीनियर नेशनल आर्बिटर प्रदीप मंडल ने निर्णायक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त फिडे आर्बिटर अनिल शर्मा, सुरेश होता, सीनियर नेशनल आर्बिटर एस.आर. जायसवाल, श्लोक साहू, मनोज साहू , योगेंद्र गुप्ता एवं अंजुम ने आर्बिटर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कीं। टूर्नामेंट डायरेक्टर एसएसपी वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन को सफल बनाने में जिला शतरंज संघ सरगुजा के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राणा, बी. मणियन, एसएम कुरैशी, दीपक श्रीवास्तव, सत्यजीत मिश्रा, प्रकाश पांडे, अविनाश पांडे एवं अब्दुल शमीम सहित अन्य का योगदान रहा।



अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।




# डॉ डीके सोनी का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यों को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान

सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को उनके जनहित, सामाजिक न्याय और भ्रष्टाचार विरोधी कार्यों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। डॉ. सोनी का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। उन्हें यह सम्मान यूनाइटेड किंगडम के डॉक्टर इवांगासिना, यूरोपियन यूनियन हेड रिपब्लिक ऑफ क्रोएशिया एवं इंटरनेशनल चेयरमैन इंडिया अविनाश डी. सकुंदेया ने प्रदान किया।

डॉ. सोनी लंबे समय से न्याय में देरी, भ्रष्टाचार और विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। वे अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से आम लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं। डॉ. सोनी ने सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को उजागर करने में भी अहम भूमिका निभाई है। दस्तावेजी प्रमाणों के आधार पर कई मामलों में कार्रवाई कराते हुए भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कराने में सफलता हासिल की है।

देशभर में सामाजिक, कानूनी, व्यापार एवं उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे। चयन प्रक्रिया और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद, आदिवासी हित, शासन हित और जनहित में उल्लेखनीय योगदान देने पर डॉ. डी.के. सोनी को यह सम्मान प्रदान किया गया। दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित समारोह में उन्हें सम्मान पत्र भेंट किया गया। डॉ. डीके सोनी को यह सम्मान मिलने पर उनके शुभचिंतकों, अधिवक्ताओं और सामाजिक न्याय के लिए कार्य करने वाले लोगों में हर्ष का माहौल है।

## ओवरलोड कोयला और गिट्टी वाहनों के खिलाफ आज से चक्का जाम

**बिश्रामपुर।** महान-2 एवं महान-3 खदानों से निकलने वाले कोयला और गिट्टी परिवहन वाहनों के खिलाफ क्षेत्र के ग्रामीणों का आक्रोश अब खुलकर सामने आने लगा है। लगातार भारी और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से सड़कें जर्जर होने, दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ने और आम जनजीवन प्रभावित होने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने 3 जून से कल्याणपुर चौक में अनिश्चितकालीन चक्का जाम और धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

ग्रामीणों द्वारा एसडीएम सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर स्थिति से अवगत कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि महान-2 और महान-3 खदानों से बड़ी संख्या में कोयला एवं गिट्टी लदे भारी वाहन प्रतापपुर मार्ग होते हुए कल्याणपुर, पोड़िपा, मंजीरा, बृजनगर, द्वारिकानगर, लटोरी और भटगांव की ओर लगातार संचालित हो रहे हैं। इनमें से कई वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर चल रहे हैं, जिससे सड़कें तेजी से टूट रही हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार कल्याणपुर-लटोरी मार्ग क्षेत्र के हजारों लोगों के लिए जनपद एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचने का प्रमुख और लगभग एकमात्र मार्ग है। इसी सड़क से छात्र-छात्राएं, मरीज, कर्मचारी, किसान और व्यापारी प्रतिदिन आवागमन करते हैं। लेकिन ओवरलोड वाहनों की वजह से सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि लोगों का सफर मुश्किल और खतरनाक बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहन चालक परिवहन लाइन के दबाव में तेज गति से वाहन चलाते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। सड़क किनारे बसे गांवों के लोग विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।ग्रामीणों ने बताया कि उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होने के कारण 29 मई को दोपहर 1 बजे से कल्याणपुर में अनिश्चितकालीन चक्का जाम प्रस्तावित था। हालांकि प्रशासन को एक और अवसर देने के उद्देश्य से उस आंदोलन को स्थगित कर दिया गया। अब ग्रामीणों ने स्पष्ट कर दिया है कि यदि कोल और गिट्टी परिवहन पर नियंत्रण नहीं लगाया गया।

## वित्तीय अनियमितता पर दो शिक्षकों को किया गया निलंबित

**अम्बिकापुर।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शासकीय कार्यों में लापरवाही, वित्तीय अनियमितता एवं अनुशासनहीनता के मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की गई है। जारी आदेशों के तहत दो कर्मचारियों को निलंबित किया गया है, वहीं जनगणना कार्य में लापरवाही बरतने वाले चार शिक्षकों की एक-एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से अवरुद्ध की गई है। डीईओ दिनेश झा ने बताया कि उदयपुर शासकीय प्राथमिक शाला पण्डरीडांड की प्रधानपाठिका श्रीमती अंजेला किण्डो को शासकीय राशि के दुरुपयोग, कूटरचना एवं वित्तीय अनियमितता के आरोपों के कारण निलंबित किया गया है। जांच में बालवाड़ी संचालन हेतु प्राप्त राशि के आहरण में अनियमितता, फर्जी हस्ताक्षर का उपयोग, शासकीय राशि का अनधिकृत हस्तांतरण तथा भंडार क्रय नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई है। इसी प्रकार कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सीतापुर में पदस्थ लेखापाल दूधनाथ सिंह को सेवानिवृत्त कर्मचारी के स्वत्वों के भुगतान में लापरवाही तथा पात्रता से अधिक अवकाश नगदीकरण भुगतान किए जाने के प्रकरण में निलंबित किया गया है। जांच में वित्तीय प्रकरणों के निष्पादन में गंभीर त्रुटियां पाई गईं। इसके अतिरिक्त कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी सरगुजा के प्रतिवेदन के आधार पर जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में लापरवाही बरतने पर चार शिक्षकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। शासकीय प्राथमिक शाला आमापारा, विकासखण्ड लुण्ड्रा के सहायक शिक्षक सुखदेव राम, शासकीय प्राथमिक शाला ससौलीपारा के प्रधान पाठक उमेश कुमार तिवारी, शासकीय प्राथमिक शाला आमगांव, विकासखण्ड मैनपाट के सहायक शिक्षक उमेश सिंह नेताम तथा शासकीय प्राथमिक शाला समनिया के सहायक शिक्षक रवि कुमार की आगामी एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार झा ने कहा है कि शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं शासकीय दायित्वों के निर्वहन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा वित्तीय अनियमितता को बर्दाश्त नहीं। विभाग द्वारा कार्यों की स तत निगरानी की जा रही है तथा भविष्य में भी अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गागर नदी में डूबे युवक का 47 घंटे बाद मिला शव गांव में शोक की लहर, दोस्तों के साथ गया था नहाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

बलरामपुर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गागर नदी पुल से लगभग 50 मीटर नीचे स्थित हुक्का दह में डूबे 22 वर्षीय युवक का शव घटना के लगभग 47 घंटे बाद सोमवार सुबह बरामद कर लिया गया। युवक के शव मिलने के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार बरियों उरांवपारा निवासी 22 वर्षीय फुलसाय लकड़ा आ. सुरेंद्र लकड़ा शनिवार को ग्राम डकवा में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। समारोह के बाद शनिवार सुबह करीब 10 बजे वह अपने अन्य साथियों के साथ गागर नदी में नहाने पहुंचा। बताया जाता है कि लगभग 10 युवक नदी में स्नान कर रहे थे। इसी दौरान फुलसाय नदी के गहरे हिस्से में चला गया और अचानक डूबने लगा। साथ मौजूद युवकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण उसे नहीं बचाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही राजपुर पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी तथा गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू की गई। शनिवार और रविवार को लगातार खोज अभियान चलाया गया। नदी के विभिन्न हिस्सों में गोताखोरों द्वारा तलाश की गई, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका। प्रशासन ने भी अभियान की लगातार निगरानी की। सोमवार सुबह लगभग 9 बजे



स्थानीय ग्रामीणों ने हुक्का दह क्षेत्र में पानी के ऊपर एक शव देखा। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर उसकी पहचान फुलसाय लकड़ा के रूप में की गई। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। शव मिलने की खबर फैलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों और परिजनों की भीड़ जुट गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। गांव में भी युवक की असमय मृत्यु से शोक की लहर व्याप्त है। घटना के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद रहे। भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुकेश गुप्ता सहित कई लोगों ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। प्रशासन और पुलिस ने लोगों से नदी एवं गहरे जलाशयों में स्नान करते समय विशेष सावधानी बरतने का आह्वान किया है।

# जमीन विवाद पर बड़े भाई की हत्या, आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**भैयाथान।** ग्राम करकोटी में सोमवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब जमीन विवाद को लेकर छोटे भाई ने अपने ही बड़े भाई की हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। ग्राम करकोटी निवासी मृतक के बेटे श्रीकांत कुशवाहा ने झिलमिली थाने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम करकोटी निवासी रामबरन व उसके छोटे भाई रामबिलास के बीच लम्बे समय से जमीन विवाद चल रहा था। सोमवार की सुबह रामबरन दूध लेने के लिए केनापारा जाने के लिए निकला और जैसे ही घर से महज 200 मीटर दूर पहुंचा था तभी उसके छोटे भाई रामबिलास ने डंडे से उसपर जानलेवा हमला कर दिया। अचानक डंडे से लगातार वार करने से सिर में गंभीर चोट लगने पर रामबरन मौके पर ही गिर गया। घटना को देख गांव के लोगों ने घटना की सूचना उसके पुत्र को दिया। पिता पर जानलेवा हमला करने की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैयाथान में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत घायल को मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना मृतक के पुत्र ने पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुच हत्या में प्रयुक्त डंडा सहित आरोपी छोटे भाई रामबिलास को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी नसीमुद्दीन, प्रधान आरक्षक मुकेश यादव, बेचू सोलंकी, राहुल गुप्ता,कमलेश मानिकपुरी सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

### घर में मिली बुजुर्ग महिला की लाश, हत्या की आशंका

**अंबिकापुर।** लखनपुर थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है। महिला के शरीर से खून निकल रहा था ऐसे में उसकी हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम जुना भुईयापारा निवासी 65 वर्षीया लक्ष्मी लकड़ा पति बैजनाथ लकड़ा पति व गाम रानी कछार निवासी तेरेसा तिग्गा के साथ रहती थी। 1 जून की सुबह 7 बजे तेरेसा तिग्गा ने मृतिका रंजीत लकड़ा आ. राम भजन लकड़ा को सूचना दी कि उसकी बड़ी मम्मी उठ नहीं रही है और उसके आंख, नाक, मुंह में चीटी लग गया है। घटना की सूचना के बाद रंजीत लकड़ा अपने बड़े भाई आशीषित लकड़ा के साथ मौके पर पहुंचा जहां उसकी बड़ी मम्मी लक्ष्मी लकड़ा मृत जमीन पर बिछे बिस्तर पर मृत पड़ी थी। ऐसे में उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। बताया जा रहा है कि महिला खून से लथपथ थी और उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले है। फिलहाल पुलिस द्वारा लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है।

# लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जनदर्शन एवं मुख्यमंत्री जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि लोगों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नाम सुधार, फौती नामांतरण, सड़क निर्माण, मकान मुआवजा राशि, अतिक्रमण हटाने, स्मार्ट मीटर स्थापना, राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न लंबित मामलों की जानकारी ली। प्रकरणों के निराकरण में अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर नाराजगी जताई और सभी मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की जानकारी ली तथा आवासों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य में तेजी लाने और लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने कहा। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिंगल विलेज एवं मल्टी विलेज योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जल संचयन के संरचनाओं की जानकारी ली।



उन्होंने वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए नगरीय और ग्रामीण सभी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की समितियों में खाद एवं बीज के भंडारण तथा किसानों को वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने किसानों को समय पर उर्वरक एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में लोक निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माणाधीन सड़कों, पुलों एवं भवनों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बारिश पूर्व सभी प्रमुख आवागमन मार्गों की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूल खुलने के पूर्व की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने जिले के ड्रॉपआउट बच्चों की संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से आकांक्षी विकासखंड प्रतापपुर में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए चिन्हित विद्यालयों में उचित कार्रवाई करते हुए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पांडुलिपि सर्वेक्षण के अंतर्गत जिले में उपलब्ध प्राचीन एवं महत्वपूर्ण पांडुलिपियों की जानकारी संकलित करने हेतु सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए।

### पूर्व डिप्टी सीएम दरगाह पहुंचे, चादर चढ़ा कर मांगी देश में अमन चैन की दुआ

# हजरत सैयद जामाशाह बाबा के दरगाह पर कव्वाली का मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ग्राम बंधा जूनाडीह स्थित हजरत सैयद जामाशाह बाबा के मजार पर होने वाले सालाना पचासवें उर्स के मौके पर 31 मई को कव्वाली का शानदार मुक़ाबला हुआ जहां जहा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, विशिष्ट अतिथि नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित सिंह देव, ओबीसी पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव हजरत सैयद जमा शाह बाबा की दरगाह में चादर चढ़ा कर देश में अमन चैन के लिए दुआ मांगी और फीता काटकर कव्वाली कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा की बाबा के दरगाह पर प्रत्येक वर्ष उर्स का आयोजन किया जाता है जहां हमे भी इस अवसर पर शामिल होने का मौका मिलता है। साथ ही बाबा से दुआ करते हैं की पूरे प्रदेश सहित देश में अमन और चैन बना रहे। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष सफी अहमद,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमित सिंहदेव तथा नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि दिनेश साहू ने भी संबोधित किया और प्रदेश तथा नगर के लोगों के अमन और चैन की दुआ मांगी। पढ़ाई में अव्वल आए बच्चों को भी सम्मानित किया गया।




उर्स के मौके पर अलीगढ़ से आए मशहूर कव्वाल गुलाम हबीब पेंटर और मशहूर कव्वाल सीमा सबा ने अपने शानदार कव्वाली की महफ़िल से सभी लोगों को देर रात तक बांधे रखा। इस दौरान आए लोगों द्वारा बाबा के मजार पर चादर चढ़ा अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए दुवायें माँगी। क़व्वाली का यह कार्यक्रम सुबह तक जारी रहा जिसमे बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के लोग मौजूद रहे। उर्स कमेटी अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह देव ने कहा कि लखनपुर में आज भी सभी लोग भाईचारे के साथ रहते हैं।इस दौरान राकेश गुप्ता, विक्रमादित्य सिंहदेव, अमित सिंहदेव, दिनेश साहू,वीरेंद्र सिंहदेव, राजेंद्र जायसवाल, अब्बास फिरदौसी, मो. इस्लाम, विनोद गुप्ता, हर्ष सिंहदेव, सराफत अली, अशफाक खान, इरशाद ख़ान, मोजिब ख़ान, जांनिसार अख़्तर, हासिम ख़ान, मतीन अख्तर, नसरत अली, इमरान अंसारी जसीमुद्दीन, शहाबुद्दीन एवं उर्स कमेटी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सैयारा की जोड़ी लेकर आ रही है नई रोमांटिक फिल्म

**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए थे। दोनों की जोड़ी यूथ में सेंसेशन बन गई थी। अब ये जोड़ी एक बार फिर मोहित सूरी के ही डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में साथ दिखेंगे। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी है कि मोहित सूरी फिल्म सैयारा के बाद एक और फ्रेश रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक ये फिल्म रिलीज के लिए तैयार होगी।

## लाइफ Style

# तृषा
## फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

साउथ फिल्मों की स्टार तृष्णा कृष्णन सिर्फ रोमांटिक किरदारों के लिए ही नहीं, बल्कि फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इन फिल्मों में उन्होंने दमदार किरदारों से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। इन फिल्मों को आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन, अगर आप सोच रहे हैं कि वह सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आई हैं, तो ऐसा नहीं है, वह अब तक कई फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तृषा को रोमांटिक फिल्मों के लिए खूब पसंद किया जाता है। इन फिल्मों में उन्होंने अपने काम से लोगों को हैरान कर दिया था। इन फिल्मों में प्यार, परिवार, रिश्तों की उलझनें और इमोशंस का अच्छा बैलेंस देखने को मिलता है। अगर आप तृषा की ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिनमें रोमांस के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी हो, तो ओटीटी पर मौजूद ये 5 फिल्में जरूर देख सकते हैं। इनमें पहली है- 96 साल 2018 में आई ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह एक इमोशनल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, फिल्म में उनका जानकी देवी का रोल में काफी पसंद किया गया था।फिल्म सिर्फ पुराने प्यार की कहानी नहीं दिखाती, बल्कि जिंदगी के फैसले, अधूरे रिश्ते और परिवार की जिम्मेदारियों को भी खूबसूरती से सामने लाती है।इस फिल्म में तृषा और विजय सेतुपति की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# दुआ ने 6 साल बड़े एक्टर से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाली 1,660 करोड़ रुपए की नेटवर्थ वाली पॉप सिंगर दुआ लीपा ने शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी उम्र में उनसे 6 साल बड़े हैं और मनोरंजन जगत का जाना-पहचाना चेहरा हैं। करोड़ों फैंस की पसंदीदा सिंगर ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कैलम टर्नर के साथ नई जिंदगी की शुरुआत कर ली है। दोनों के रिश्ते की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं और अब शादी की खबर ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। ऐसे में हर कोई उनके पति के बारे में जानना चाहता है। कैलम टर्नर ब्रिटेन के मशहूर एक्टर हैं।



# एक एपिसोड के लिए ले रही है 2 करोड़ 84 लाख!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सीरीज में शुमार गेम ऑफ थ्रोन्स के कलाकारों की कमाई को लेकर सालों से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। इस बीच कई बार यह दावा किया जाता रहा कि सीरीज के प्रमुख कलाकारों को प्रति एपिसोड करीब 3 लाख डॉलर (लगभग 2.84 करोड़ रुपए) की फीस दी जाती थी। अब इस मामले पर एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एमिलिया क्लार्क के मुताबिक, सीरीज के कलाकारों की कमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है। एमिलिया ने सीरीज में डेनेरिस टार्गेरियन यानी 'मदर ऑफ ड्रैगन्स' का किरदार निभाया था। एक इंटरव्यू के दौरान एमिलिया क्लार्क से उनकी प्रति एपिसोड फीस को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा कि उन्हें इतनी बड़ी रकम नहीं मिलती थी।



# परफेक्ट फिगर पाने की ज्यादा कसरत...

**मुंबई।** तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था। तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया।



# अक्षय-दिशा का गाना ऊंचा लंबा ... रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 2007 की हिट फिल्म 'वेलकम' के क्लासिक गाने 'ऊंचा लंबा कद' का जादू फिर से बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिशा पाटनी के साथ अक्षय कुमार ने 'ऊंचा लंबा कद' गाना फिर से रिलीज कर दिया है और नए गाने में चार्म तो बहुत है, लेकिन रिलीज होते ही फैंस मायूस हो गए। इससे पहले, अक्षरा सिंह के साथ ठुमके लगाकर छाने वाले अक्षय को अब नफरत मिल रही है कि उन्होंने दिशा पाटनी को लेकर कटरीना की फिर से याद दिला दी और दिशा उस औरा को छू भी नहीं पाईं जो कटरीना का है। अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की शानदार केमिस्ट्री, रंगीन विजुअल्स और जोशीली धुन 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर'को फिल्म के साउंडट्रैक का एक खास आकर्षण बनाती है।

## टीवी मसाला



# दूरदर्शन पर पहली बार टेलीकास्ट हुआ था ये कल्ट शो

**नई दिल्ली।** आज के दौर में लोग सिनेमाघर, ओटीटी और यूट्यूब जैसे माध्यमों से मनोरंजन का आनंद लेते हैं। लेकिन, एक वक्त ऐसा भी था, जब बात एंटरटेनमेंट की आती थी तो लोगों के लिए दूरदर्शन टीवी चैनल एकमात्र साधन हुआ करता था। महाभारत, रामायण और शक्तिमान जैसे कई कल्ट धारावाहिक दूरदर्शन की पहचान बने थे। भारतीय मनोरंजन जगत के इतिहास को खंगाला जाए तो दूरदर्शन के रूप में सबसे पुराने टीवी चैनल का नाम सामने आता है, जिसने दशकों तक लोगों को घर बैठे एंटरटेन किया। इसी आधार पर बात की जाए दूरदर्शन के सबसे पहले और पुराने टीवी सो के बारे में तो उसका नाम कृषि दर्शन था। 26 जनवरी 1967 को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दूरदर्शन पर कृषि दर्शन शो को पहली बार प्रसारित किया गया था। इस चैनल की पहली एंकर प्रीतिमा पुरी ने इसका आगाजा किया था। शो के नाम से ही साफ जाहिर होता है कि इसमें भारतीय किसानों को आधुनिक खेती, कृषि-तकनीक और ग्रामीण विकास की अहम जानकारी दी जाती थी। उस वक्त शोज की भरमार कम हुआ करती थी, जिसके तहत कृषि दर्शन भी भारतवासियों के लिए मनोरंजन का अहम साधन बन गया था। इतना ही नहीं कृषि प्रधान भारत देश के किसानों के लिए ये शो काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इसमें मौजूद एक्सपर्ट द्वारा मिलने वाली सलाहों से किसानों को खेती में काफी सहायता मिलती थी। दूरदर्शन टीवी चैनल के सबसे अधिक लंबे चलने वाले धारावाहिक के तौर पर भी कृषि दर्शन को याद किया जाता है। इस शो के अब तक 62 सीजन टेलीकास्ट हो चुके हैं, जिनमें 16 हजार 780 एपिसोड मौजूद हैं।

## मुझे पटक-पटक कर मारा : रूपा

**नई दिल्ली।** बीआर चोपड़ा की पॉपुलर टेलीविजन सीरीज महाभारत को आज भी फैंस से उतना ही प्यार मिलता है जितना की सालों पहले दिया जाता था।



इसके किरदार भी खूब फेमस हुए। उन्हीं में से एक हैं द्रौपदी की भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस रूपा गांगुली। महाभारत की बात जब भी आती है तो द्रौपदी के चीर हरण की चर्चा हमेशा होती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज से 10 साल पहले रूपा गांगुली के साथ बिल्कुल चीर हरण जैसा हादसा हुआ था? जी, हां एक्ट्रेस पर जानलेवा हमला हुआ था जिसे याद कर उनका मन अब भी सिहर जाता है। रूपा गांगुली ने ट्विटर पर इस घटना का जिक्र किया था। द्रौपदी के चीर हरण वाला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा ,'मुझे कुछ दिनों से याद आ रहा है, 22 मई 2016 डायमंड हार्बर की वह घटना, जब 17-18 लोगों ने पुलिस को साथ लेकर, मुझे गाड़ी से उतारकर रास्ते पर पटक-पटक कर मारा था।

# मां बनने के बाद बदल जाती हैं बातें : कियारा

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मां बनी हैं। इस बीच उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं को अक्सर जिन उम्मीदों का सामना करना पड़ता है, उनके बारे में बात की है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि कैसे महिलाओं की प्रेग्नेंसी का जश्न मनाने से हटकर लोगों का ध्यान दूसरी चीजों पर चला जाता है। मां बनने से अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात करते हुए, कियारा ने कहा 'यह अनुभव हर तरह से बहुत ही अच्छा है। मुझे लगता है कि जो डायरेक्टर अब मेरे साथ काम करेंगे, उन्हें मेरा सबसे बेहतरीन रूप देखने को मिलेगा। मां बनने के इस सफर ने मेरे अंदर दुनिया के प्रति मेरी समझ में एक नया पहलू खोल दिया है।' उन्होंने बताया सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो हर कोई कहता है, अरे वाह, आप कितनी ग्लो कर रही हैं, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं। मगर, जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, तो बातें बदल जाती हैं। लोग कहते हैं 'अब तो मोटी लग रही है, थोड़ी ऐसी लग रही है, थोड़ी वैसी लग रही है।'



अभिनेत्री ने कहा 'जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो लोग आपको देवी की तरह पूजते हैं, लेकिन जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, वे उम्मीद करने लगते हैं कि आप तुरंत ही अपनी पुरानी फिटनेस और काम पर वापस लौट आएंगी। महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल समय बच्चे के जन्म के बाद का ही होता है। यही वह समय होता है, जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है।' कियारा ने कहा 'कहा जाता है कि एक बच्चे की परवरिश के लिए पूरे गांव की जरूरत पड़ती है। इसी तरह एक मां को संभालने के लिए भी पूरे गांव की जरूरत पड़ती है।' कियारा की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 43 साल पुरानी वो फिल्म, जिसे देख फूट-फूटकर रोए थे लोग, बच्चों को प्रॉपर्टी देने से डरने लगे थे मां-बाप

**नई दिल्ली।** सिनेमा समाज का आईना होता है। कुछ फिल्में महज एंटरटेनर तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन कुछ ऑडियंस के दिलों में घर कर जाती हैं। 43 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जिसने मां-बाप को इस कदर सहमा दिया था कि वे अपने बच्चों को घर का मालिकाना हक देने से कतराने लगे थे। यह फिल्म जब बनी तो किसी को नहीं पता था कि इसे देखने के बाद ऑडियंस सिसक-सिसककर रोने लगेगी। आज भी अगर टीवी पर यह फिल्म आ जाए तो देखने वाले अपने आंसू नहीं रोक पाते हैं। 43 साल पहले जब यह फिल्म आई तो सिनेमाघरों से निकलने वाले हर शख्स की आंखें नम थी। इस फिल्म ने ऑडियंस पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।




## पारिवारिक फिल्म ने कर दिया था भावुक

यह फिल्म राजेश खन्ना की थी। हैंडसम हंक राजेश खन्ना सिनेमा के पहले सुपरस्टार रहे। मगर, जब उनका कॅरियर खतरे में पड़ा, तब यही फिल्म उनके डूबते नाव का सहारा बनी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है अवतार। अमन, अमृत अनजाना और आप आए बहार आए जैसी फिल्में बना चुके मोहन कुमार ने ही अवतार का निर्देशन और निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना ने एक बूढ़े पिता का किरदार निभाया था। उनके साथ लीड रोल में शबाना आजमी थीं। इसके अलावा फिल्म में ए.के. हंगल, सचिन पिलगांवकर, रंजन ग्रेवाल, प्रीति सप्रू, सुजीत कुमार, गुलशन ग्रोवर समेत कलाकार अहम भूमिकाओं में थे।

## बच्चे घर से कर देते हैं बेदखल

फिल्म की कहानी अवतार किशन (राजेश खन्ना) और उसकी पत्नी राधा (शबाना आजमी) की है, जिसके बच्चे उन्हें उनके ही घर से बेदखल कर देते हैं और उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। बुढ़ापे में दर-दर भटकने के बाद दिन-रात एक करके अवतार फिर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

## बॉलीवुड की दूसरी लता : ताउम्र झेला तुलना का दंश, रफी संग गाए 140 गाने

# पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, सुरमई उजाला है...

***नई दिल्ली।** आज की सुबह संगीत जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। संगीत के स्वर्णिम दौर की एक और आवाज आज खामोश हो गई। सुमन कल्याणपुर (89) ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। लता मंगेशकर, आशा भोसले के बाद आज सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया से रुखसती ले ली। वो अपने पीछे 740 गानों की बेशकीमती विरासत छोड़ गई हैं। बांग्लादेश में जन्मीं सुमन हिंदी सिनेमा को वो अध्याय हैं जो स्वर्ण अक्षरों में दर्ज जरूर है। लेकिन, आज भी कइयों ने उसे पढ़ा नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग उनकी आवाज पहचान नहीं पाते हैं। लता मंगेशकर और उनकी आवाज में सामानता इतनी रही कि उन्हें दूसरी लता कहा गया। सुरों की मल्लिका का सबसे बड़ा आशीर्वाद ही उनका 'अभिशाप'बन गया। ताउम्र वो लता मंगेशकर के साए से निकल नहीं पाईं। सुमन कल्याणपुर को ताउम्र तुलना का दंश झेलना पड़ा था। दिग्गज संगीतकारों के लिए सुमन कल्याणपुर और लता मंगेशकर की आवाज में फर्क कर पाना कभी-कभी नामुमकिन सा हो जाता था। सुमन कल्याणपुर ने उस दौर में अपनी जगह बनाई, जब हिंदी सिनेमा में पहले से ही कई दिग्गज आवाजें मौजूद थीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत का सफर इस वक्त शुरू किया जब लता मंगेशकर, आशा भोसले जैसी गायिकाओं का इंडस्ट्री पर राज था। हर फिल्ममेकर और संगीतकार लता मंगेशकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, ऐसे में उस दौर में किसी भी गायिका के लिए अपनी जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था।*



## लता से हूबहू मिलती थी आवाज

लता मंगेशकर और सुमन कल्याणपुर की आवाज में फर्क कर पाना लगभग असंभव सा है। 1960 और 1970 के दशक में लता और सुमन के बीच की तुलना चरम पर थी। जब कई बड़े संगीतकार और निर्माता लता मंगेशकर संग काम नहीं कर पाते थे, तो वो सुमन कल्याणपुर का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते थे। उन्हें ज्यादातर गाने तभी मिलते जब स्वरकोकिला किसी कारणवश उन्हें मना कर देती थीं।

## स्वरकोकिला को मानती थीं दोस्त

अब ताउम्र जिससे तुलना हो उस शख्स को नापसंद करना लाजमी है, लेकिन शायद उस स्वर्णिम दौर की ये ही खासियत थी कि हर कलाकार दूसरे कलाकार और उसकी कला की पूरी इज्जत करता था। साल 2022 में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में सुमन ने लता दीदी को अपनी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बताया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि वो खुद भी लता मंगेशकर की आवाज की मुरीद थीं। दोनों ने साथ में फिल्म चांद के लिए एक डुएट रिकॉर्ड किया था। उस फिल्म के गाने पर साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि वो और लता जी सहेलियां थीं।

***रफी संग हिट थी जोड़ी :*** आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से, तुमने पुकारा और हम चले आए, पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, दिल एक मंदिर है, ठहरिए होश में आ लूं मोहम्मद रफी के साथ उनके सुपरहिट गाने थे जो आजतक लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। दशकों बाद भी इन एवरग्रीन गानों का खुमार कम नहीं हुआ है।

## पढ़ाई, शादी और बच्चे

मुंबई के सेंट कोलंबस स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, सुमन ने चित्रकला की पढ़ाई की और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। हालांकि, जल्द ही संगीत ही उनका जुनून बन गया। उन्होंने पंडित केशवराव भोले, उस्ताद खान अब्दुल रहमान खान और उस्ताद नवरंग जैसे प्रख्यात गुरुओं से ट्रेनिंग ली, जिसने उनके करियर की नींव रखी। सुमन ने 1958 में बिजनेसमैन रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू अग्नि हैं।

## इन भाषाओं में भी बिखेरा आवाज का जादू

कोकिला जैसी मीठी आवाज और सुरों की धनी सुमन कल्याणपुर को दूसरी लता कहा जाने लगा था। कॅरियर में 740 गाने को आवाज देने वाली दिवंगत सिंगर ने हिंदी के साथ ही कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा था। उन्होंने बंगाली, मराठी, असमी, कन्नड़ और ओड़िया भाषाओं में भी अपने संगीत के सफर को जारी रखा था। 28 जनवरी, 1937 को अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर हिंदी और मराठी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध सिंगर्स में से एक बनीं। फिल्मी संगीत के अलावा, उनके भजन, गजल, मराठी अभंग और भावगीत भी गाए, जो एक कलाकार के रूप में उनकी पहचान बनी।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश में भाजपा का कुशासन चल रहा है : गोपाल

**कटेली।** प्रदेश में जहां एक ओर भाजपा सरकार सुशासन तिहार का ढिंढोरा पीट रही है, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री गोपाल बाघे ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है, लेकिन सरकार केवल दिखावे की राजनीति में व्यस्त है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि वृद्धा, विधवा एवं परित्यक्ता पेंशन कई महीनों से बंद है, जिससे जरूरतमंद लोग परेशान हैं। नल जल योजना पूरी तरह फेल हो चुकी है, लोगों को पीने का पानी तक नसीब नहीं हो रहा। गैस सिलेंडर की कमी के कारण महिलाएं लकड़ी से खाना बनाने को मजबूर हैं। डीजल पेट्रोल संकट से किसानों की खेती बुरी तरह प्रभावित हो रही है। खाद की कमी और बढ़ती कीमतें किसानों की कमर तोड़ रही हैं। कानून व्यवस्था चरमराई हुई है, जिससे प्रदेश में असुरक्षा का माहौल है। ग्राम पंचायतों में काम ठप, जिसके चलते कई सरपंचों ने इस्तीफा दे दिया है। शराब के बढ़ते प्रचलन से सामाजिक स्थिति बिगड़ती जा रही है। बाघे ने कहा कि ऐसे हालात में सरकार द्वारा सुशासन तिहार मनाना जनता के साथ मजाक है।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन 15 तक

**सारंगढ़।** जिले के सारंगढ़, सरिया और भटगांव सहित छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय आईटीआई में प्रवेश सत्र 2026 एवं 2026-28 के लिए संस्था में संचालित कोपा, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन आदि व्यवसायों में रिक्त स्थानो हेतु ऑनलाईन प्रवेश के लिए राज्य सरकार ने आवेदन प्रकिया के लिए पोर्टल खोला है। पहले चरण में 10वी उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट एडमिशन डॉट एनआईसी डॉट इन पर जाकर 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर या नजदीकी च्वाईस सेंटर, कम्प्यूटर सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। इसके लिए लिंक है। एनआईसी द्वारा मेरिट और चयन सूची 16 जून को जारी किया जाएगा। सीट रिक्त होने पर यह प्रक्रिया 2 और 3 चरण में किया जाएगा।

### मकानों और परिवारों की जानकारी सुरक्षित

**सारंगढ़।** जनगणना 2027 का प्रथम चरण यानी मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य विगत शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। यह राष्ट्रीय अभियान 01 मई से शुरू होकर पूरे 30 दिनों तक चला। यह जिले की भविष्य की विकास योजनाओं के लिए आधार तैयार करने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस बार की जनगणना की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे पूरी तरह से डिजिटल माध्यम से किया गया है। जिले में इस कार्य को कुशलता और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए 13 जनगणना का चार्ज 6 तहसील एवं 7 नगरीय निकाय बनाए गए हैं। 1227 गणना खंडों के अंतर्गत, 1394 प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की टीम ने घर घर जाकर मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाओं और परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से संकलित की है। यह सभी संकलित जानकारी अब पूरी तरह से भारत सरकार के सर्वर पर सुरक्षित है।

### अवैध शराब बिक्री के 2 मामलों में दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के 2 अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक महिला ओर पुरुष को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के पास से कुल 63 नग देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है। पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करने के लिए ग्राम चोढ़ा क्षेत्र में नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक व्यक्ति हाथ में थैला लेकर खरसिया की ओर से आता दिखाई दिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय कुमार पटेल पिता सुखदेव पटेल 32 वर्ष निवासी नवागांव बताया। उसके कब्जे में रखे थैले की तलाशी लेने पर 14 नग देशी एवं 14 नग अंग्रेजी शराब बरामद हुई। इसी क्रम में खरसिया पुलिस द्वारा ग्राम बोतल्दा क्षेत्र में छापामार कार्रवाई की गई। पुलिस टीम को बोतल्दा हाईवे रोड पर पटेल ढाबा के पास एक महिला हाथ में सफेद रंग का झोला लेकर जाती हुई मिली।

## 1 से 15 जून तक चलेगा खेत बचाओ अभियान

# यूरिया की कमी का विकल्प नील हरित शैवाल किसानों को हरी खाद अपनाने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। किसानों की खेती संबंधी जरूरतों को देखते हुए सहकारी समितियों में रासायनिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण किया गया है तथा उनकी आपूर्ति सुचारु रूप से जारी है। उर्वरक वितरण के लिए निर्धारित मापदंड भी जारी कर दिए गए हैं।

छोटे किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध उर्वरक एक ही किश्त में प्रदान किया जाएगा, जबकि मझोले एवं बड़े किसानों को उर्वरकों का वितरण दो या तीन किश्तों में किया जाएगा। इस व्यवस्था से अधिकतम किसानों तक समय पर उर्वरक पहुंच सुनिश्चित होगी तथा किसी भी किसान को खेती के महत्वपूर्ण समय में पोषक तत्वों की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। फसल पोषण के लिए वैकल्पिक स्त्रोतों को बढ़ावा देने की दिशा में कृषि विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में नील हरित शैवाल का इनॉकुलेशन कराया गया है। यह कार्य फील्ड आरएईओ के मार्गदर्शन में कृषि संगवारी एवं कृषि सखियों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। इस नवाचार का निरीक्षण संयुक्त संचालक कृषि एवं उप संचालक कृषि द्वारा भी किया गया, जिन्होंने इसकी सफलता पर संतोष व्यक्त किया। विभाग का मानना है कि आने वाले समय में नील हरित शैवाल यूरिया के एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभर सकता है। इसके साथ ही किसानों को हरी खाद के उपयोग के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। ढैंचा एवं मूंग के संयोजन को किसानों को आधी दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार हरी खाद के प्रयोग से भूमि की उर्वरता बढ़ेगी तथा यूरिया और डीएपी जैसे रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता में उल्लेखनीय कमी आएगी।

### सहकारी और निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से आपूर्ति

रासायनिक उर्वरकों की आपूर्ति सहकारी संस्थाओं के साथ साथ निजी विक्रेताओं के माध्यम से भी की जा रही है। विभाग द्वारा उर्वरकों के परिवहन, भंडारण एवं वितरण पर सतत निगरानी रखी जा रही है। निरीक्षण दल विभिन्न उर्वरक केंद्रों पर नियमित जांच एवं छापेमारी की कार्रवाई कर रहे हैं ताकि कालाबाजारी, जमाखोरी अथवा आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। वहीं, किसानों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने के लिए एग्रीस्टैक आईडी बनाने का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। इस पहल से किसानों का केंद्रीकृत डाटा तैयार होगा, जिससे उन्हें विभिन्न कृषि योजनाओं और सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।

# हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना ग्राम चिंगारी दर्रापारा की है जहां अभियुक्त श्रवण कलंग ने मृतक जेठू राम कलंगा से ईंट का पैसा ना देने की मामूली सी बात पर उसकी हत्या कर दी थी। मृतक का भाई प्रार्थी हुलेश कलंगा ने थाना लैलूंगा में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया, कि घटना 25 अप्रैल 2021 को अभियुक्त श्रवण कलंगा मृतक जेठू राम के घर बार बार आना जाना कर रहा था और पैसा मांग रहा था मृतक के द्वारा यह कहा गया कि उसे पैसा वह बाद में दे देगा किन्तु अभियुक्त पैसे लेने के लिए अड़ा था।

शाम साढ़े 7 बजे जेठू राम और अभियुक्त श्रवण कुमार कलंगा के मध्य इसी बात को लेकर आपस में झगड़ा हुआ था। अभियुक्त कह रहा था कि उसे शराब पीना है, पैसा चाहिए किन्तु मृतक जेठू राम ने उसे पैसे नहीं दिए। पैसे ना देने की बात को लेकर अभियुक्त आक्रोशित होकर टांगी से मृतक के सीने में प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे मृतक गिर गया और छटपटाने लगाए उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी कर रहे थे इसी दौरान उसकी मौत हो गई। प्रार्थी की उक्त सूचना के आधार पर थाना लैलूंगा में अभियुक्त के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई तत्कालीन विवेचना अधिकारी ने सभी साक्ष्य को एकत्रित कर तथा गवाहों के बयान दर्ज कर, अभियुक्त श्रवण कलंग के विरुद्ध घरघोड़ा न्यायालय में धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने अभियुक्त के विरुद्ध विचारण के दौरान सभी गवाहों के बयान दर्ज किए तथा समस्त साक्ष्यों का मूल्यांकन कर अभियुक्त श्रवण कलंग को जेठू राम कलंगा की हत्या का दोषी ठहराते हुए धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक हजार के अर्थ दंड से दंडित करने का दण्डादेश सुनाया। न्यायालय ने मृतक के बारिशों एवं आश्रितों को विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से 1 लाख क्षतिपूर्ति देने की अनुशंसा की है। राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने पक्ष रखा।

# चन्द्रपुर मुक्तिधाम के पीछे 83 लाख की लागत से निर्माणाधीन पार्किंग विवादों में

**चंद्रपुर।** धार्मिक नगरी चंद्रपुर में महानदी तट स्थित मुक्ति धाम के पीछे 83 लाख की लागत से निर्माणाधीन पार्किंग शुरू होते ही विवादों के भंवर में फंस गई है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर नगर पंचायत के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सीएमओ से इसकी शिकायत की है। आरोप है कि निर्माण एजेंसी द्वारा शासन के निर्धारित मानकों को दरकिनार कर बाउंड्री वॉल निर्माण में गुणवत्ताहीन सामग्री और तकनीकी नियमों की अनदेखी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत चंद्रपुर द्वारा मुक्ति धाम के पीछे पार्किंग निर्माण कराया जा रहा है, जिस पर लगभग 83 लाख खर्च किए जा रहे हैं। उक्त कार्य का ठेका निर्माण एजेंसी सक्ति के श्रीजी ग्रुप को दिया गया है, जो मनमाने और नियम विरुद्ध कार्य कर रहा है। ज्ञात रहे इस परियोजना में ट्यूबलर पोल लाइट फिटिंग, बाउंड्री वॉल सहित दो प्रवेश द्वार, सीमेंट कंक्रीट कार्य, टॉयलेट ब्लॉक तथा साइन बोर्ड का निर्माण प्रस्तावित है। वही निर्माण शुरू होने के साथ ही इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं, जिससे पूरे प्रोजेक्ट की पारदर्शिता और निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली कटघरे में आ गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई तो लाखों की यह परियोजना धन की बर्बादी का उदाहरण बन सकती है।



निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं दिखाई दे रही हैं। तकनीकी मानकों की अनदेखी और गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग चिंता का विषय है। जांच होनी चाहिए।

**जितेंद्र देवांगन पार्षद चंद्रपुर**

### बिना सूचना बोर्ड के शुरू हुआ निर्माण

निर्माण कार्य को लेकर एक और गंभीर सवाल यह उठ रहा है कि कार्यस्थल पर अब तक परियोजना से संबंधित आवश्यक सूचना बोर्ड डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाया गया है। शासकीय निर्माण कार्यों में नियमानुसार सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य होता है, जिसमें परियोजना की कुल लागत, स्वीकृत राशिए निर्माण एजेंसी का नाम, कार्य की अवधि, तकनीकी स्वीकृति, संबंधित विभाग एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां अंकित रहती हैं।

### चार फीट उठी दीवार और शुरू हो गई दरारें

निर्माणाधीन बाउंड्री वॉल लगभग चार फीट तक खड़ी हो चुकी है, लेकिन कई स्थानों पर दीवारों में दरारें आ गई है। दीवारों की तराई नहीं कराई जा रही है। वही आरोप है कि दीवार से जुड़े डीपीसी बीम में भी निर्धारित तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया गया। जहां लोहे के रिंग या क्षैतिज सरियों की दूरी लगभग 6 इंच होनी चाहिए वहां 12 से 14 इंच की दूरी पर सरिया बांधे गए हैं।

### रांची की जीडी गोयंका अकादमी बनी विजेता महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर उपविजेता

# इचकेला में वुमन टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप का समापन



**जशपुरनगर।** जिले के ग्राम इचकेला में 28 मई से 1 जून तक आयोजित वुमेन टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप का रोमांचक समापन हुआ। महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करने और उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया।

फाइनल मुकाबले में जीडी गोयंका अकादमी रांची ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर को पराजित कर चौंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 31 हजार रुपये की नगद राशि प्रदान की गई। वहीं उपविजेता महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर को 15 हजार रुपये तथा तीसरे स्थान पर रही रायगढ़ जिंदल क्रिकेट अकादमी (जेसीए) को 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। फाइनल मुकाबले में प्रिया को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच'चुना गया। पूरे टूर्नामेंट में कई खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। पहले राउंड में जीडी गोयंका अकादमी रांची के खिलाफ मुकाबले में महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर की खिलाड़ी आकांक्षा रानी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 41 गेंदों में 88 रन की विस्फोटक पारी खेली। इसके अलावा स्टार-11 जशपुर के विरुद्ध भी उन्होंने मात्र 32 गेंदों में 88 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी क्षमता का परिचय दिया। पूरे टूर्नामेंट में आकांक्षा रानी ने 10 छक्के और 27 चौके लगाए। वहीं मात्र 11 वर्षीय आस्था रानी ने अपनी गेंदबाजी से सभी को प्रभावित किया।

उन्होंने एक मुकाबले में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेकर शानदार उपलब्धि हासिल की। उस मैच में उन्होंने कुल सात विकेट अपने नाम किए और अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जीडी गोयंका अकादमी रांची, अंबिकापुर क्रिकेट टीम, रायगढ़ जिंदल क्रिकेट अकादमी, महारानी क्रिकेट क्लब जशपुर तथा स्टार-11 जशपुर की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने रोमांचक मुकाबलों का आनंद लिया तथा आयोजन को महिला क्रिकेट और ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की सराहनीय पहल बताया।

# 2100 जनगणना ब्लॉक में पूरा हुआ मकान सूचीकरण एवं मकान गणना कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनगणना 2027 हमारे देश का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान है, जो केवल आंकड़ों का संकलन नहीं बल्कि भविष्य के देश, राज्य तथा जिला, नगर एवं ग्रामों के समग्र विकास की ठोस नींव तैयार करने का कार्य करेगा। यह प्रक्रिया शासन प्रशासन को यह समझने में सक्षम बनाती है कि समाज के विभिन्न वर्गों तक विकास के लाभ किस प्रकार और कितनी प्रभावशीलता से पहुंच रहे हैं तथा भविष्य की योजनाओं को किस दिशा में आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

भारत की जनगणना 2027 का कार्य छत्तीसगढ़ राज्य में दो चरणों में संपादित किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का फील्ड कार्य 01 मई 2026 से प्रारंभ होकर 30 मई तक सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है। द्वितीय चरण फेज के अंतर्गत जनसंख्या गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा। प्रथम चरण का मकानसूचीकरण कार्य द्वितीय चरण की जनसंख्या गणना के लिए आधार तैयार करता हैए जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी मकान एवं उसमें निवासरत परिवार गणना कार्य से वंचित न रहे। प्रथम चरण के दौरान जिला के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर सर्वेक्षण किया गया। जिले के कुल 10 ग्रामीण एवं 08 नगरीय निकायों के प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मकान एवं उसमें निवासरत परिवारों से जानकारी एकत्रित की गई। भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 34 प्रश्नों के माध्यम से मकानों की स्थितिए परिवारों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी मोबाइल एप के माध्यम से संकलित की गई। संकलित समस्त जानकारी को सुरक्षित रूप से भारत सरकार के सर्वर में संरक्षित किया गया है। जिले के समस्त तहसीलों, ग्रामों एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रथम चरण का कार्य शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं कुशलतापूर्वक संपादित किया गया। इस दौरान जिले के सभी क्षेत्रों का पूर्ण कवरेज सुनिश्चित किया गया तथा कोई भी क्षेत्र गणना कार्य से नहीं छूटा। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर जाकर जानकारी संकलित करने के दौरान जिले के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहयोग प्रदान किया, जिसके कारण यह महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक पूर्ण हो सका।

# नगर में सालों बाद तेज रफ्तार से चल रहे सफाई अभियान के बाद हो रही बयानबाजी से गरमाई राजनीति



**घरघोड़ा।** नगर पंचायत क्षेत्र में तालाबों से जलकुंभी हटाने और सफाई को लेकर घरघोड़ा में एक नया विवाद खड़ा हो गया है। एक ओर नगर में तालाबों की सफाई और जल संरक्षण के लिए अभियान तेज गति से चल रहा है, वहीं दूसरी ओर कुछ लोगों द्वारा सवाल उठाने को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में जब भी कोई बड़ा काम शुरू होता है, कुछ चेहरे हर बार विरोध और आरोपों के साथ सामने आ जाते हैं। समर्थकों का आरोप है कि यह वही लोग हैं जो विकास कार्यों में सहयोग देने के बजाय हर बार मीन.मेख निकालकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं।

उनका कहना है कि आलोचना करना आसान है, लेकिन जमीन पर काम कराना मुश्किल। नगर पंचायत समर्थकों का दावा है कि तालाबों से जलकुंभी हटाने का काम लगातार जारी है और इसका फायदा आने वाले समय में जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण को मिलेगा। कई स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्षों से उपेक्षित पड़े तालाबों में अब काम दिखाई दे रहा है और इसी वजह से कुछ लोगों को यह रास नहीं आ रहा। नगर सरकार के पक्ष में खड़े लोगों का कहना है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा सोशल मीडिया के जरिए जानबूझकर ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जिससे विकास कार्यों पर सवाल खड़े हों और नगर पंचायत की छवि प्रभावित हो। समर्थकों का आरोप है कि यदि वास्तव में जनहित चिंता होती तो सुझाव और समाधान दिए जाते, केवल विरोध नहीं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जुड़े लोगों का कहना है कि नगर में सफाई, जल संरक्षण और सौंदर्यीकरण जैसे काम पहली बार इतने व्यापक स्तर पर चल रहे हैं। ऐसे समय में लगातार विवाद खड़ा करना केवल काम की गति प्रभावित करता है। उनका कहना है कि जनता अब केवल आरोप नहीं, परिणाम देख रही है। फिलहाल तालाब सफाई को लेकर आरोप प्रत्यारोप जारी हैं।

# खरसिया में सट्टे का काला कारोबार उजागर नोट गिनने की मशीन समेत 32 लाख बरामद

**रायगढ़।** साइबर थाना और खरसिया चौकी की संयुक्त टीम ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 32 लाख रुपये नकद, दो मोबाइल और एक नोट गिनने की मशीन बरामद की है। मामले में तीन अन्य लोगों को भी आरोपी बनाया गया है, किंतु वे फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है।

पुलिस को गंज बाजार क्षेत्र में आईपीएल फाइनल मुकाबले पर ऑनलाइन सट्टा खिलाने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने कई स्थानों पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान गगन अग्रवाल और शुभम अग्रवाल को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे के संचालन की बात स्वीकार की और अपने साथियों के नाम भी बताए। जांच के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे रिकेश राय, अर्जुन राठौर और साहिल अग्रवाल के साथ मिलकर सट्टा नेटवर्क चला रहे थे। पुलिस को मिले सुराग के आधार पर टीम ने गोपाल राइस मिल कॉलोनी स्थित एक मकान में दबिश दी। पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही साहिल अग्रवाल मौके से फरार हो गया, लेकिन वहां से दो बैग और नोट गिनने की मशीन बरामद की गई। बैगों की तलाशी लेने पर कुल 31 लाख 99 हजार 700 रुपये नकद मिले।



### ऑनलाइन सट्टे से जुड़े कई सबूत भी बरामद

जब्त किए गए मोबाइल फोन की जांच में ऑनलाइन सट्टे से संबंधित आईडी और अन्य तकनीकी साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों ने संगठित तरीके से सट्टा नेटवर्क तैयार कर बड़ी मात्रा में लेन-देन किया था। मामले में सभी पांच आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 7 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112(2) और 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है, जबकि फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# छग राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ का हुआ चुनाव



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय छात्रावास अधीक्षक संघ की जिला इकाई रायगढ़ के पदाधिकारियों का निर्वाचन कार्यक्रम आज मंगल भवन छोटे अतरमुड़ा, रायगढ़ में लोकतांत्रिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में जिले के सभी छात्रावास अधीक्षक साथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

निर्वाचन कार्यक्रम की अधिसूचना 26 मई को जारी की गई थी। निर्धारित कार्यक्रमानुसार 27 एवं 28 मई को नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुईए जबकि 29 मई को नाम वापसी एवं अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन किया गया। इसके पश्चात 31 मई को प्रत्यक्ष मतदान के माध्यम से निर्वाचन सम्पन्न कराया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नेहा दीक्षित एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी फणेन्द्र कुर्रे द्वारा निष्पक्ष संचालन में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुई। निर्वाचन परिणामों की घोषणा के पश्चात उपस्थित सदस्यों ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। निर्वाचन परिणाम के अनुसार जिला इकाई रायगढ़ के लिए अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, उपाध्यक्ष मनीषा चौहान, उपाध्यक्ष अनुराग नामदेव, महामंत्री रविशंकर गबेल, महामंत्री जयवर्धन पाटिल, सचिव रमेश वारे, कोषाध्यक्ष, गोपाल कुमार आदित्य, सह सचिव अमित पटेल, प्रवक्ता मीडिया प्रभारी वासु देवानंद कृष्ण गुप्ता इसके अतिरिक्त जिले के सभी विकासखंडों के अध्यक्षों का निर्वाचन भी किया गया। अधीक्षकों ने विश्वास व्यक्त किया कि नव निर्वाचित टीम संघ को और अधिक सशक्त, सक्रिय एवं संगठित बनाने के साथ साथ समस्याओं, अधिकारों एवं हितों के संरक्षण हेतु प्रभावी भूमिका निभाएगी।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त